जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन

पुरैनी | पुरैनी प्रखंड के सभी पंचायतों में विभागीय निर्देशानुसार ग्रामसभा का आयोजन कर जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन किया गया। प्रखंड कार्यालय से जारी चिट्ठी के अनुसार सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी 9 पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। गणेशपुर में मुखिया मो. वाजिद, पुरैनी में विनोद कांबली निषाद, कुरसंडी में कुंदन सिंह, मक्दमपुर में सुरेश ऋषिदेव, औराय में सावित्री सिंह, वंशगोपाल में रेखा कुमारी, नरदह में रीता कुमारी, दुर्गापुर में दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सपरदह पंचायत के करमा गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया सुभाष कुमार भारती ने किया। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य, ग्रामीणों के द्वारा सर्वसम्मति से जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन करते हुए प्रभु नारायण झा को अध्यक्ष चुना। अभिषेक कुमार व आशीष झा को सामान्य सदस्य, महिला सदस्यों में विनती कुमारी, रानी देवी वही एससी-एसटी वर्ग से साजन देवी को सर्वसम्मति से समिति का सदस्य बनाया गया है।